हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

06 पीएम आवास के नाम पर भ्रष्टाचार के खिलाफ...



07 एफआईआर निरस्त कराने श्योपुर विधायक का...





## खबर संक्षेप

### रहस मेला में मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क चश्मों का वितरण

**गढ़ाकोटा।** तीन दिवसीय रहस मेला में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात संबंधित हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। डॉ. तिमोरी ने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिबाधितता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों का निःशुल्क नेत्र रोगों का परीक्षण एवं चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अदिति दुबे, नेत्र रोग विशेषज्ञ, इंद्रा नेत्र चिकित्सालय द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। इस मौके पर जिला चिकित्सालय सागर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. आदित्य दुबे, डॉ. अभिषेक ठाकुर (आरएमओ), डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. अमित दुबे, डॉ. संजय राय और डॉ. वशिष्ठ सेल्वन तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय में विंग-बी भवन का लोकार्पण

**गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गढ़ाकोटा रहस लोकोत्सव 2026 में शामिल होते हुए मंच से मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि साबूलाल विद्यालय गढ़ाकोटा में 1450 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित विंग-बी (ब्लाक-एफ) के भवन का लोकार्पण किया।

### पाइप लाइन फटने से किसान की फसल चौपट

**मालथौन।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगौनिया में नगर परिषद की पाइपलाइन फटने से किसान की मेहनत पर पानी फिर गया है। पाइपलाइन से हुए भारी जल रिसाव के कारण करीब 2.3 हेक्टेयर खेत में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। किसानों के अनुसार, इस घटना से उन्हें लगभग एक लाख रुपये का आर्थिक फटका लगा है। पीड़ति किसान गीता पति रूपसिंह लोधी निवासी अंडेला ने बताया कि खसरा नंबर 70, 71 और 72 के खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार थी। तभी अचानक खेत के पास से गुजर रही पाइपलाइन टूट गई। पानी का बहाव इतना तेज था कि कुछ ही घंटों में पूरा खेत तालाब में तब्दील हो गया। किसान का कहना है कि फसल पूरी तरह गल चुकी है, जिससे उन्हें एक लाख रुपये से अधिक की चपत लगी है। किसान ने न्याय के लिए तहसीलदार से न्याय की गुहार लगाई हैं।

### स्वच्छता अधिकारी ने बाघराज वार्ड का किया निरीक्षण

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर की स्वच्छता को लेकर द्रुत गति से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत ने बाघराज वार्ड का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था एवं सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजघाट चौराहा स्थित शौचालय, छत्रसाल नगर तथा बाघराज मंदिर स्थित सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया। इस दौरान तीनों शौचालयों में प्लेसमेंट पर पदस्थ केयरटेकर सुनील, भाग्यश्री एवं जितेंद्र अनुपस्थित पाए गए। स्वच्छता अधिकारी ने तीनों शौचालयों के केयरटेकर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जोन प्रभारी श्री आशुतोष सोलंकी एवं सहायक जोन प्रभारी अजय रैकवार को कार्य में लापरवाही बरतने पर वेतन-वृद्धि रोकने की कार्रवाई हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक शौचालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनज़र किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र शुरू होगी, शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे

# सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा संस्थान बनाने कार्य कर रही सरकारः मंत्री राव उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालयों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा संस्थान बनाने का कार्य सरकार कर रही है। मध्य प्रदेश में इंदौर से ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र शुरू होगी। साथ ही रहली विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर सहित प्रदेश में 200 सांदीपनि विद्यालय शुरू होंगे एवं रहली-गढ़ाकोटा का रहस मेला बहुउपयोगी मेला बन गया है। इस प्रकार के मेले प्रदेश में शुरू होंगे। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय आयोजित रहस मेले के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मेला अध्यक्ष अभिषेक दीपू भार्गव, मनोज तिवारी, संजय दुबे, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज देवरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आने वाले समय में 200 नये सांदीपनि विद्यालय शुरू किए जाएंगे, जिसमें 20 करोड़ की लागत से रहली विधानसभा क्षेत्र के रहली-शाहपुर में यह विद्यालय शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार परिवहन सेवा को सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए अप्रैल माह से इंदौर से ग्रामीण परिवहन सेवा की शुरुआत होगी,जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में लागू होगी।



मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गोपाल भार्गव एक आदर्श राजनेता हैं,जो लगातार अपना चुनाव जीतते आ रहे हैं। यह कार्य अत्यंत कठिन है, किंतु उनकी जनसेवा इस कार्य को सरल बना देती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का कार्य उनके बेटे अभिषेक दीपू भार्गव द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र को दो विधायक मिले हैं। यह मध्य प्रदेश का पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहां दो-दो विधायक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक निर्वाचित विधायक गोपाल भार्गव हैं और दूसरे सेवा करने वाले उनके बेटे अभिषेक भार्गव हैं। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विकास के लिए 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार रहली में भी योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा रहा है।

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पलायन को रोकने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है, जिससे अब हमारे सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा स्कूटी, साइकिल, लैपटॉप, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं छात्रवृत्ति देने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला बहुउद्देशीय मेला बन गया है, जिसमें एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाएं देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण आज रहली विधानसभा क्षेत्र लगातार विकास कर रहा है और इस क्षेत्र के विद्यार्थी प्रदेश एवं देश में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की छवि सुधारने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से सांदीपनि विद्यालय हैं, जहां निजी विद्यालयों से अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब नींव कमजोर होती है तो भविष्य कमजोर होता है, किंतु सरकार प्राथमिक शिक्षा को मजबूत कर नींव को सुदृढ़ कर रही है।

विधायक एवं पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 26,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाने का कार्य किया जा चुका है और 5,000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास और स्वीकृत हुए हैं। इस प्रकार क्षेत्र का कोई भी गरीब व्यक्ति बिना छत के नहीं रहेगा।

भार्गव ने कहा कि इस रहस मेले में दूसरे दिन दिव्यांग प्रशिक्षण सेवा शिविर लगाया गया था, जिसमें दिव्यांग प्रमाणपत्र, दिव्यांगों की जांच एवं उपकरण वितरण का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि 2 दिनों में 1,500 से अधिक व्यक्तियों के दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए एवं अनेक दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान किए गए।

इस अवसर पर रहस मेला अध्यक्ष अभिषेक भार्गव दीपू ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुरेश कपस्या, अभिलाष मिश्रा, एसडीएम कुलदीप पाराशर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी स्वाती दुबे, आर.डी. अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया।



## शहर कांग्रेस ने लगातार हो रही हत्याएं, कटर बाजी और लूट के विरोध में एसपी को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने आज बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी लोकेश सिंन्हा को ज्ञापन सौंप कर को शहर में लगातार हो रही हत्याओं एवं कटर बाजी तथा लूट को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। महेश जाटव ने कहा शहर में लोगों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है अपराधियों को पुलिस का भय नहीं रह गया है जो चिंताजनक है। महेश जाटव ने बताया कि पूर्व में भी आईजी ऑफिस पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा था लेकिन छुटपुट पहल छोड़ पुलिस के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। महेश जाटव ने कहा कि हाल ही में डॉक्टर सर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई एवं उनकी सही तरीके से एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई। कुछ अराजकतत्व विश्वविद्यालय पहुंचकर गुंडागर्दी कर रहे हैं जिन पर कार्यवाही नहीं की गई। शहर में सूदखोरी का व्यापार पनप रहा है कर्ज के तले लोग अपनी जान दे रहे हैं। बीते दिनों एक कपड़ा व्यापारी मोगली जैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र चौधरी की आत्महत्या के पीछे भी यही कारण चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपराधी गैंगवार कर रहे हैं उन्होंने गैंग बना ली है बाकायदा सोशल मीडिया पर भी एक्टिव है लेकिन किसी लालच वस या दबाव में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है इसका पुलिस शहर की जनता को जवाब दे। महेश जाटव ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया कि पुलिस को कांग्रेस के पुतला दहन की खबर भी लग जाए तो पूरे शहर की व जिले की पुलिस कांग्रेस को रोकने में लग जाती है लेकिन अगर अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे तो पुलिस गुम हो जाती हैं। अमन और शांति का टापू जिस शहर को कहा जाता था वहां विश्वविद्यालय में भी अब अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जाने लगा है वहां भी उत्पात मचने लगा है जिससे छात्रों में दहशत हो गई । ज्ञापन का वाचन संगठन महा मंत्री रामकुमार पचौरी ने किया इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, मुकुल पुरोहित, जगदीश यादव ,नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, सेवालाल अध्यक्ष सिंटू कटारे, अखिलेश मनी केसरवानी, सुरेंद्र चौबे, राकेश राय आदि मौजूद थे।



## सड़क पर तड़प रहा था बाइक सवार, तत्काल पहुंची 112 की टीम, पहुंचाया अस्पताल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में दो बाइक सवार व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिनमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क किनारे बैठा तड़प रहा था। उसका साथ भी मामूली घायल था। स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद इवेंट मिलते ही मौके पर तत्काल गढ़ाकोटा की 112 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किये घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। एफआरबी टीम ने सजगता दिखाते हुए और मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल समेत उसके साथ मौजूद व्यक्ति को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां उसे समय पर इलाज मिल पाया। बताया जा रहा है की सागर के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी थी। जिससे बाइक सवार हरिराम चढ़ार और धरम दास चढ़ार घायल हो गए। जिसमें हरिराम चढ़ार गंभीर घायल थे। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। तभी मौजूद लोगों ने 112 को कॉल किया। भोपाल से गढ़ाकोटा की टीम को इवेंट मिला। जिससे टीम तुरंत ही रवाना हुई। और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जिससे दोनों को समय से इलाज मिल गया। घायलों में हरिराम चढ़ार केसली थाना अंतर्गत गुसोंरा गांव के वहीं धरम दास चढ़ार रहली के किशनगढ़ गांव के रहने वाले हैं। इस दौरान आरक्षक दीपनारायण शर्मा और पायलट सौरभ तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## सांदीपनि विद्यालय में विंग-बी भवन का लोकार्पण

**गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गढ़ाकोटा रहस लोकोत्सव 2026 में शामिल होते हुए मंच से मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि साबूलाल विद्यालय गढ़ाकोटा में 1450 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित विंग-बी (ब्लाक-एफ) के भवन का लोकार्पण किया।

## आशीर्वाद स्कूल में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्र सेविका समिति एवं भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आशीर्वाद पब्लिक स्कूल सागर में स्वास्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। तद्पोरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य ही प्रथम धन है लेकिन विडंबना यह है कि हम इस धन की सुरक्षा तभी करना शुरू करते हैं जब हम इसे खोने लगते हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- नियमित जांच केवल डॉक्टरों के चक्कर लगाना नहीं है, बल्कि यह अपने शरीर के साथ एक संवाद है। हमारे शरीर की देखभाल एवं एक छोटा सा टेस्ट आपके जीवन की बड़ी कहानी बदल सकता है। तत्पष्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सागर की जिला कार्यवाहिका अंजली दुबे ने कहा कि आप सभी अपना बहूमूल्य समय निकालकर स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु आईं, यह आपके स्वाथ्य के प्रति जागरूकता को स्पष्ट करता है। हमें सदैव शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए। जिससे हम समाज में और परिवार में अपना योगदान प्रसन्नता पूर्वक कर सकें। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में सागर की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता दुबे ने महिलाओं को महिला जनित शारीरिक कष्ट के कारण समस्या एवं समाधान दोनों पर अपना विषय रखा। डॉ. दुबे ने महिलाओं को गर्भाषय एवं मासिक धर्म की सावधानियों पर विषय को स्पष्ट किया तथा आपने बताया हमें अपने भोजन में विशेषतः आयरन एवं कैल्षियम का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। हमें सदैव पौष्टिक तत्व भोजन में लेना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है।

सागर की दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. अंजली जैन ने महिलाओं के दंत संबंधी कष्ट के उपचार का वर्णन किया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय संचालक आशीर्वाद पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया। इस अवसर पर तकनीकी विषेषज्ञ इंद्रेष पाण्डे, विजयकांत दुबे एवं रामकुमार के साथ ज्योति गौतम, सुमन तिवारी, प्रीति की गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। स्वास्थ परीक्षण में 78 महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया जिसमें उनकी रक्त अल्पता की भी जॉच की गई। 16 महिलाओं के दंत का परीक्षण हुआ। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## खुरई में 70 लीटर अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तारः बाइक से कर रहे थे तस्करी, पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा

**खुरई ।** खुरई शहरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 70 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत लगभग 42,380 रुपए आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पठारी से सतनाई गांव के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप खुरई लाई जा रही है। सूचना मिलते ही खुरई शहरी पुलिस ने सतनाई और हरदुआ गांव के बीच मोर्चा संभाला। कुछ देर बाद तीन लोग बाइक पर शराब के थैलों के साथ दिखाई दिए। पुलिस को देखकर एक भागने में सफल हुआ, जबकि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कबीर वार्ड निवासी दीपक सेन और तलैया मंदिर के पास रहने वाला अंकेश उर्फ मंटू पटेल बताया। बाइक और थैलों की जांच में गोवा कंपनी की कुल 394 पाव अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सागर में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की एवं आयोजन हेतु विभिन्न टोलियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला 28 फरवरी शनिवार को धर्मश्री स्थिति संभागीय भाजपा कार्यालय में दोपहर 1:30 से आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर रहेंगे। कार्यशाला में जनप्रतिनिधि, जिला टोली, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री मोर्चा अध्यक्ष व मंडल स्तरीय संचालन टोली शामिल रहेंगी।

## सड़क किनारे मिला अज्ञात का शव, शिनाख्त की अपील

**बरौदिया कलां।** बांदरी थाना अंतर्गत रजवांस ग्राम में राय पेट्रोल पंप के पास, एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 35-40 वर्ष है और वह पिछले 4 माह से क्षेत्र में घूमता देखा जाता था। 23 फरवरी की रात वह घायल अवस्था में सड़क किनारे मिला, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का चेहरा गोल है, बाल काले और दाढ़ी-मूंछें बढ़ी हुई हैं। उसने क्रीम कलर की जैकेट और नीली पैंट पहनी है।थाना प्रभारी सुमेर सिंह जगत ने बताया कि मर्ग क्रमांक 17/2026 दर्ज कर शव को मर्चुरी में रखा गया है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी को जानकारी मिले तो वे रजवांस चौकी में सूचना भेज सकता हैं।

विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# विश्वविद्यालय में हो रहे वैज्ञानिक शोधों को दुनिया भर में महत्त्व मिल रहाः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के अभिमंच सभागार में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "रासायनिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय विज्ञानों में उभरते अवसर तथा वैश्विक चुनौतियाँ : सतत भविष्य की ओर" का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन प्रत्यक्ष एवं आभासी दोनों माध्यमों से किया जा रहा है।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो. विजय वर्मा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने सतत विकास के लिए बहुविषयक अनुसंधान एवं नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन संयोजक प्रो. रत्नेश दास ने भूमिका प्रस्तुत करते हुए प्रारंभिक टिप्पणी में सम्मेलन के उद्देश्यों एवं महत्त्व को विस्तार से बताया । मुख्य अतिथि प्रो. ए. पी. दास अध्यक्ष राष्ट्रीय वाहक जनित रोग अकादमी तथा पूर्व कुलपति तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने संबोधन में जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु वैज्ञानिक अनुसंधान की महत्ता को रेखांकित किया।



उन्होंने युवा वैज्ञानिकों को समाजोपयोगी अनुसंधान के लिए प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि प्रो. सैमुअल एडेलोजू, मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया से, ने वैश्विक स्तर पर हो रहे शोध कार्यों तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान परंपरा एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में उच्च कोटि के शोध लगातार हो रहे हैं. यहाँ हुए वैज्ञानिक शोधों को दुनिया भर में महत्त्व मिला है और विश्व के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों को स्थान मिला है. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कल्पतरु दास द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रथम शैक्षणिक सत्र में प्रो. भुवनेश गुप्ता (ऊर्जा एवं पेट्रोलियम अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून) ने मुख्य व्याख्यान दिया। इसके पश्चात प्रो. सैमुअल एडेलोजू तथा प्रो. एन. बी. पटेल (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, गुजरात विश्वविद्यालय) ने विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रो. दीपशिखा राठौर ने उद्योग और शिक्षाजगत के समन्वय पर अपने विचार रखे। दोपहर पश्चात आयोजित द्वितीय शैक्षणिक सत्र में प्रो. आर. एन. पटेल (अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा), प्रो. श्वेता व्यास (कोटा विश्वविद्यालय), डॉ. अंजलि गुलरिया (राजस्थान विश्वविद्यालय) तथा डॉ. चेतना वर्मा (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली) ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया।



## महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री का फूका पुतला

**सागर।** बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का एपस्टीन फाइल में नाम आने से आक्रौशित होकर उनका पुतला दहन किया। पुतला दहन का आयोजन महिला कांग्रेस नेत्री किरण लता सोनी के द्वारा गोला कुआं धर्मश्री में आयोजित किया गया। पुतला दहन में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की मोदी सरकार के मंत्रियों ने देश और दुनिया में भारत की छवि को धूमिल कर दिया है केंद्रीय मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए । पूर्व विधायक सुनील जैन कहा कि नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश में अराजकता का माहौल है लोग जाति धर्म की आग में धकेले जा रहे हैं और भाजपा महिलाओं के साथ गलत हरकत करने का विश्व रिकॉर्ड बना रही हैं। साथ ही देश का बंटाधार कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार अमेरिका के आगे जिस तरह से झुकीं है वो चिंता जनक है। पुतला बहन की आयोजक किरण लता सोनी ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि ओछी हरकतों को अंजाम देने की मानसिकता वाले लोगों के हाथ में देश की बागडोर हैं। जिसे देश की नारी सुरक्षित नहीं है। पुतला दहन में पार्षद सुरेखा राय, भावना रोहन, रेखा सोनी, गीता कुशवाहा, अर्चना कनौजिया, राकेश राय, आनंद हेला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नीलू दीवान, दीनदयाल तिवारी महेश अहिरवार, अरविंद मछंदर, कुंजी लाडिया आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने सचिव पर आवास योजना की किश्त जारी करने रिश्वत की मांग का लगाया आरोप

# पीएम आवास के नाम पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हुआ गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

खुले आसमान में रहने वाले परिवारों के लिए सरकार द्वारा आवास योजना का संचालन किया गया था जिससे जरुरतमंद परिवारों को सपनों का घर मिल सके। लेकिन अब गरीब का आशियाना भी दलाली की भेंट चढ़ रहा है। सरकारी योजनाओं में कमीशनखोरी और दलाली हावी होने की वजह से प्रधानमंत्री की जीरो टॉरलेंस नीति पर भी पानी फिर रहा है।

ऐसा ही एक मामला जिले की पलेरा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुड़ा नजदीक पाली से सामने आया है। ग्राम पंचायत गुड़ा नजदीक पाली के ग्रामीणों ने सचिव सोमेश सिंह पर प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त जारी करने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया है। शिकायत करने पलेरा जनपद कार्यालय पहुंचे समस्त ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सीईओ को लिखित शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सचिव सोमेश सिंह द्वारा आवास योजना के लाभार्थियों से पैसों की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि हम सब गरीब मजदूर हैं। बड़ी मुश्किल से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, लेकिन अब सचिव सोमेश सिंह 10 हजार रुपये मांग रहे हैं।




जनपद सीईओ को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया है कि सचिव सोमेश सिंह द्वारा न केवल पैसों की मांग की जा रही है, बल्कि पैसे न देने की स्थिति में योजना का लाभ रोकने या उसे निरस्त कराने की धमकी भी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि वे मजदूरी कर अपना पेट पालते हैं ऐसी स्थिति में रिश्वत देने में पूरी तरह असमर्थ हैं। अगर रिश्वत देने लायक संपन्न होते तो आवास योजना के आसरे अपने सपनों का घर बनाने की जरूरत क्यों पड़ती।

**संपूर्ण गांव हुआ लामबंद, अंगूठे लगाकर लगाई न्याय की गुहार-** इस भ्रष्टाचार के खिलाफ अब पूरा गांव लामबंद हो गया है। शिकायती पत्र पर राजकुमार, लक्ष्मण, पुष्पा, चंदा, गुड्डी और गीता राय सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाकर शासन से न्याय की गुहार लगाई है। अब सवाल है यह है कि सरकारी योजनाओं में इस तरह की कमीशनखोरी प्रधानमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति को ठेंगा दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत के अधिकारी इस लिखित शिकायत पर क्या कड़ा कदम उठाते हैं?

**इनका कहना है...**

मेरे ऊपर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है, मेरे द्वारा जो शासन की योजना है उसको नियमानुसार लोगों तक पहुंचाया जा रहा है लेकिन गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मुझ पर मनमानी कराए जाने का दबाव बनाया जा रहा है।

**सोमेश सिंह,** सचिव ग्राम पंचायत गुड़ा नजदीक पाली

### सड़क सुरक्षा बैठक में कलेक्टर-एसपी ने की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा

# अम्बेडकर व अस्पताल चौराहा को किया जाएगा मॉडल रूप में विकसित



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े 24 बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। साथ ही पिछली बैठक में रखे गए बिंदुओं की प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोतिय, एसपी मनोहर मंडलोई, एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर, पीडब्ल्यूडी के ईई मनोज दुबे, डीएफओ राजाराम परमार और ट्रैफिक इंचार्ज कैलाश पटेल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बैठक में कुंडेश्वर मंदिर के बाहर लगे होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, शहर के अंबेडकर चौराहा और अस्पताल चौराहा को मॉडल चौराहे के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई। इन चौराहों पर सोलर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे और रोड इंजीनियरिंग की मदद से विकास कार्य किए जाएंगे। समिति ने शहर में ऑटो स्टैंड के लिए स्थान चिन्हांकित करने और हाथ ठेला, चाट और फल विक्रेताओं के लिए हॉकर जोन निर्धारित करने पर भी चर्चा की। आवारा पशुओं के प्रबंधन, कोतवाली तिराहा और मिश्रा तिराहा के पार्कों का पुनर्विकास कर वाहनों के निकास के लिए बायां मोड़ उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। साथ ही अंबेडकर चौराहा से नया बस स्टैंड के बीच के मार्ग की मरम्मत, सागर बायपास रोड पर प्रकाश व्यवस्था, रोड मार्किंग और साइन बोर्ड लगाने का काम भी प्रस्तावित है। हनुमान चालीसा मंदिर से पुरानी टेहरी वाले मार्ग की पुलिया पर रेलिंग का निर्माण किया जाना है। ट्रांसपोर्ट नगर, थोक सब्जी मंडी और मैकेनिक शॉप जैसी सुविधाओं को शहरी क्षेत्र से बाहर एक साथ स्थापित करने पर भी चर्चा हुई।

मिश्रा तिराहे पर कोतवाली के गेट के बाईं ओर स्थित नजाई मंडी को भविष्य में मल्टीस्टोरी पार्किंग के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया गया। नजाई मंडी से फुटकर गल्ला मंडी को ढोंगा ग्राउंड या अनाज मंडी में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। नगर परिषद जतारा में बायपास मार्ग का निर्माण पूरा हो चुका है। यहां मुख्य बाजार की सड़क के दोनों ओर सभी प्रकार के मालवाहक यानों और यात्री बसों का आवागमन सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर रोड मार्किंग, कैट आई सोलर स्टड, ट्री-रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने पर जोर दिया गया।

### जिले से गुम व्यक्तियों की सुरक्षित वापसी के लिए की समीक्षा बैठक

# सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर हो गुमशुदा व्यक्तियों की पड़तालः एसपी




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिग बालक बालिकाओं एवं गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 26 फरवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गईं। उक्त बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी एवं संबंधित विवेचक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से क्रमवार समीक्षा की गई। उन्होंने थाना प्रभारियों एवं विवेचकों से अब तक किए गए प्रयासों, तकनीकी संसाधनों के उपयोग, संभावित ठिकानों एवं संबंधित व्यक्तियों तक पहुंच बनाने की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने निर्देशित किया कि गुम नाबालिगों एवं गुमशुदा व्यक्तियों की पड़ताल सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर की जाए। संभावित तकनीकी खोजबीन, सीसीटीवी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अंतर-जिला समन्वय जैसे सभी आवश्यक माध्यमों का प्रभावी उपयोग करते हुए त्वरित एवं ठोस कार्यवाही की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपनी व्यावसायिक दक्षता, संवेदनशीलता एवं सतर्कता का पूर्ण उपयोग करते हुए प्रत्येक प्रकरण में गंभीरता से कार्य करने के लिये सख्त निर्देश दिए। उक्त बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि गुमशुदा प्रकरणों में परिजनों के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जाए तथा उन्हें प्रकरण की प्रगति से अवगत कराया जाता रहे, जिससे विश्वास एवं पारदर्शिता बनी रहे।

बैठक में विक्रम सिंह कुशवाहा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राहुल कटरे एसडीओपी टीकमगढ़, अभिषेक गौतम एसडीओपी जतारा सहित जिले के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, विवेचक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा स्पष्ट किया गया कि गुमशुदा व्यक्तियों एवं नाबालिगों की सुरक्षित वापसी पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# विशेष टीमें गठित कर असामाजिक गतिविधियों पर करें प्रभावी कार्रवाई

### आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित हुई समीक्षा बैठक



**टीकमगढ़।** आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 26 फरवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में असूचना संकलन से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा पुलिस अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जिले के चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव, सामाजिक समरसता एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत गश्त व्यवस्था सुदृढ़ रखें तथा अवैध एवं असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु विशेष टीमें गठित कर प्रभावी कार्रवाई करें। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित एवं विधिसम्मत कार्यवाही करने पर विशेष बल दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली सामग्री पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके। बैठक में गुप्त सूचनाओं के समन्वित आदान-प्रदान, त्वरित सूचना प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय रखने तथा फील्ड इंटेलिजेंस नेटवर्क को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर विभिन्न धर्मावलंबियों एवं गणमान्य नागरिकों से समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे पारस्परिक सहयोग एवं सौहार्द के साथ त्योहारों का आयोजन हो सके। साथ ही ऐसे असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर आवश्यक निवारक एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, जो पर्व-त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था प्रभावित कर सकते हैं। बैठक में विशेष शाखा प्रभारी, जिला विशेष शाखा प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी सहित असूचना संकलन से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार से टक्कर के बाद युवक से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार में टक्कर मारने और विरोध करने पर मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी अक्षत चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9 बजे वह अपने निजी वाहन से बैंक जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में टैक्सी संख्या यूपी 94 टी 3788 के चालक ने टक्कर मार दी।

# नपा के 14 अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस

**दुकान आवंटन, भर्ती, टेंडर में गड़बड़ी से नपाध्यक्ष कुर्सी पर लटकी तलवार मिला नोटिस**



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नगर पालिका के कार्यों की हुई विभागीय जांच में मिली गड़बड़ियों व अनियमितताओं के चलते नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, गीता मांझी, रीता कैलासिया, शिवि उपाध्याय सहित 14 अधिकारियों व कर्मचारियों को मिले नोटिस पर धमासान मचा हुआ है। जिसको लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी हो चुका है। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को पद से हटाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट में पद के दुरुपयोग और करोड़ों रुपए की आर्थिक गड़बड़ियों से जुड़े 9 गंभीर आरोप पाए गए हैं, जिससे नगर पालिका को भारी वित्तीय नुकसान हुआ है।

विभागीय जांच में सामने आया कि नगर पालिका द्वारा मां कर्माबाई मार्केट की दुकानों के आवंटन में नियमों को ताक पर रखा गया। ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन टेंडर लिए गए और बाजार से कम दाम पर दुकानें दी गईं, जिससे नगर पालिका को करीब 18.89 लाख रुपए का घाटा हुआ। इसके अलावा, सरकारी रोक के बावजूद 15 से ज्यादा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की अवैध भर्ती की गई, जिससे निकाय पर आर्थिक बोझ बढ़ा। इसके अलावा डूब क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण कराये जाने का आरोप भी शामिल है। संजीवनी क्लिनिक निर्माण में गलत जगह चुनने की वजह से नगर पालिका योजना के 21.42 लाख रुपए बर्बाद हुए और फिलहाल यह क्लीनिक बंद है। इसके साथ ही, एलईडी लाइट, फिटकरी और पाइपलाइन के सामान की खरीदी बाजार रेट से काफी ऊंची कीमतों पर करने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है।


### नपाध्यक्ष ने लगाया सत्ता के दुरुपयोग व भाजपा नेताओं की साजिश का आरोप

नोटिस मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने पहले तो स्वयं उक्त नोटिस को सोशल मीडिया पर वायरल किया। और फिर इसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि उक्त नोटिस व कार्यवाही भाजपा नेताओं की साजिश है। क्योंकि 22 साल बाद कांग्रेस का नगर पालिका अध्यक्ष बनना भाजपा को हजम नहीं हो रहा है। नपाध्यक्ष मलिक का तर्क है कि कोई भी फाइल बाबू, इंजीनियर और सीएमओ से होकर ही उन तक पहुंचती है, तो फिर सिर्फ उन्हें ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है? उन्होंने इस कार्रवाई को फर्जी बताते हुए सत्ता का दुरुपयोग बताया है।

## ओरछा शाहगढ़ मार्ग को फोरलेन कराने सिंधिया ने लिखा मंत्री गडकरी को पत्र

**टीकमगढ़।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित ओरछा, टीकमगढ़, शाहगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 539 मार्ग का सर्वे एवं भू-अर्जन का कार्य किया जा रहा है। इस मार्ग की लम्बाई 155 किलोमीटर है और निर्माण एजेन्सी भारतीय सड़क विकास प्राधिकरण है। इस मार्ग को फोरलेन कराने के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पत्र में लिखा है कि जनहित और क्षेत्रीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए झाँसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के 9 किलोमीटर से ओरछा, टीकमगढ़, शाहगढ़ सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-34 तक का मार्ग निर्माण अभी टू-लेन में प्रस्तावित है, लेकिन इस मार्ग को टू-लेन के स्थान पर फोरलेन किया जाना सर्वथा उचित है क्योंकि इस मार्ग पर विश्व धरोहर के रूप में श्री रामराजा सरकार की नगरी पर्यटक स्थल ओरछा, ओरछा सफारी, बुन्देलखण्ड का पावन तीर्थ अछरू माता मंदिर, जैन तीर्थ पपौरा जी इत्यादि स्थित हैं। इन पावन तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों पर हजारो-लाखों की संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। यह मार्ग दो राष्ट्रीय राजमार्गों को आपस में जोड़ता है जिस कारण दिल्ली की ओर से आने वाले और दक्षिण की ओर जाने वाले यातायात की दूरी में लगभग 50 किलोमीटर की कमी आयेगी, जिससे ईंधन की खपत कम होगी और पर्यावरण को भी इसका लाभ मिलेगा। उक्त मार्ग क्षेत्र की आवागमन सुविधा, आर्थिक गतिविधियों एवं पर्यटन विकास को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने परिवहन मंत्री गडकरी से आग्रह करते हुए कहा है कि उक्त निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर के इस टू-लेन मार्ग के स्थान पर फोरलेन मार्ग के प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करते हुए इसकी स्वीकृति तथा परियोजना की वर्तमान स्थिति व प्रगति से अवगत कराया जाये। गौरतलब है कि भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है।




ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया
JYOTIRADITYA M. SCINDIA
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
भारत सरकार
Minister of Communications and Development of North Eastern Region
Government of India

20 फरवरी, 2026

श्री नितिन गडकरी,
माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री,
भारत सरकार, ट्रांसपोर्ट भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001.

(ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

Ministry of Communications : Room No. 105, Sanchar Bhawan, 20, Ashoka Road, New Delhi - 110 001

### पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन, किसानों को ट्रैक्टर की चाबी व पत्र सौंपकर किया सम्मानित

# 'आय दोगुनी करने की दिशा में कृषक सेमिनार बड़ा कदम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमिनार, कॉन्फ्रेंस एवं किसान मेले का शुभारंभ पूर्व विधायक राकेश गिरी ने किया। उद्घाटन अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने किसानों को 'स्थिति पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया तथा चयनित लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर आधुनिक खेती की दिशा में प्रेरित किया।

**पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी अपनाने से होगी आय में वृद्धिः** अपने संबोधन में पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि समय की मांग है कि किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी अपनाएं। फल, सब्जी एवं बागवानी आधारित खेती से कम क्षेत्र में अधिक आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा स्पष्ट है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के किसान तक पहुंचे और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनें। यह आयोजन उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है।



**वैज्ञानिकों और किसानों के बीच हुआ सीधा संवादः** दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कराया। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और विशेषज्ञों ने मौके पर ही समाधान सुझाए। दो दिवसीय आयोजन में आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी से जुड़े कई आकर्षक और उपयोगी प्रदर्शन किए गए। उन्नत किस्म के पौधों एवं फलदार वृक्षों की प्रदर्शनी लगाई गईं। आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। खाद्य प्रसंस्करण फूड प्रोसेसिंग की नवीन तकनीकों की जानकारी दी गईं। शासन की योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शन एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गईं। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान, उद्यानिकी विभाग का अमला तथा कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण और बाजार उन्मुख खेती की ओर प्रेरित करना रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि बागवानी, ड्रिप सिंचाई, संरक्षित खेती और खाद्य प्रसंस्करण को अपनाकर किसान अपनी उपज का मूल्य संवर्धन कर सकते हैं, जिससे आय में कई गुना वृद्धि संभव है।



**कृषि अर्थव्यवस्था में हो सकता है व्यापक परिवर्तन :** पूर्व विधायक गिरी ने कहा कि यह दो दिवसीय कृषक सेमिनार एवं किसान मेला केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कृषि के बदलते परिदृश्य में किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल साबित हो सकता है। यदि किसान पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों और उद्यानिकी मॉडल को अपनाते हैं, तो जिले की कृषि अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन होना संभव है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

### खुद पर और अपने कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज होने से नाराज हुए विधायक

# एफआईआर निरस्त कराने श्योपुर विधायक का भोपाल में शीर्षासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के आगे शीर्षासन आंदोलन कर पूरी मीडिया का ध्यान अपनी ओर केंद्रित कर दिया। आधा घंटा तक चला शीर्षासन आंदोलन तब खत्म हुआ जब विधानसभा ड्यूटी में लगे श्योपुर निवासी एसडीओपी नागेंद्र सिंह ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष से मिलवाकर उनकी बातों को गंभीरता से सुने जाने का आश्वासन दिया। विधायक खुद पर ओर अपने समर्थकों पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज होने से नाराज थे और शुक्रवार को विधानसभा में इस मामले पर सुनवाई भी हुई थी।

शुक्रवार को विधानसभा का सत्र शुरू हुआ तो नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने विपक्ष के विधायकों पर फर्जी एफआईआर दर्ज करने का मामला उठाया इस मामले में दोनों ओर से खूब बहस हुई लेकिन सरकार इस बात को मानने को तैयार नहीं हुई कि पुलिस ने कहीं भी किसी विधायक या उनके समर्थक पर फर्जी एफआईआर की है इस मामले में खूब हंगामा हुआ और हंगामा के बीच ही विधायक बाबू जंडेल सदन को चलता छोड़ बाहर निकल गए और विधानसभा परिसर में बनी गांधी जी की प्रतिमा के आगे शीर्षासन लगाकर डट गए। जब कुछ मीडिया कर्मियों की उन पर नजर गई तो देखते ही देखते वे मीडिया के लिए शुक्रवार की सबसे बड़ी ब्रेकिंग न्यूज बन गए। किसी पत्रकार ने जब उनसे पूछा कि शीर्षासन क्यों लगा रहे हैं तो उन्होंने बताया कि सरकार और भाजपा नेताओं के इशारे पर मेरे ओर मेरे कार्यकर्ताओं के ऊपर झूठी एफआईआर दर्ज कराई जा रही है और विधानसभा में गृह मंत्री भी इस बात का ठीक से जवाब नहीं दे रहे हैं भाजपा सरकार कांग्रेस के विधायकों को डरा धमका कर शासन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वह एफआईआर से नहीं डरते हैं उन पर भाजपा नेताओं ने दर्जनों एफआईआर दर्ज कराई हुई है वह जेल भी होकर आए हैं, आगे भी जेल जाने से नहीं डरेंगे। उन्होंने कहा कि फर्जी एफआईआर मामले में मुझे कोर्ट बरी करती जा रही है और भाजपा नेता मेरे ऊपर झूठी एफआईआर दर्ज कराते जा रहे हैं। मेरे ओर मेरे कार्यकर्ताओं पर जितनी भी एफआईआर दर्ज की गई हैं सब किसानों व आमजन की लड़ाई लड़ने उनकी आवाज उठाने पर हुई है। गांधी वादी तरीके से शोषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर हुई एफआईआर के खिलाफ में गांधी जी के चरणों में शीर्षासन कर रहा हूं यह आंदोलन नहीं मेरी तपस्या है। दोपहर 12:30 बजे से शुरू हुआ शीर्षासन आंदोलन 1:00 बजे तब खत्म जब विधानसभा ड्यूटी में लगे एसडीओपी नागेंद्र सिंह ने उन्हें आश्वासन देते हुए विधानसभा के भीतर चलकर बात करने को कहा। बाद में विधानसभा में मौजूद सभी कांग्रेस विधायक भी वहां आ गए थे और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने विधायक बाबू जंडेल को भरोसा दिलाया कि वह विधानसभा में उनकी बात को जोरदारी से रखेंगे अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो सभी कांग्रेस विधायक विधानसभा से बहिर्गमन सड़क पर उतरकर धरना देंगे।

### समर्थकों पर कार्रवाई से विचलित थे विधायक



विधायक का इस तरह शीर्षासन आंदोलन करना मीडिया के लिए सबसे बड़ी ब्रेकिंग जरूर बन गया पर विधायक से जुड़े सूत्रों की माने तो वह कुछ दिनों से अपने कार्यकर्ताओं पर हुई एफआईआर के चलते परेशान दिखाई पड़ रहे थे एक दिन पहले भी उन्होंने प्रश्न लगा कर पूछा था कि उनके समर्थक किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा के खिलाफ प्रस्तावित रासुका और जिला बदर की कार्रवाई क्यों की जा रही है ज्ञात हो कि श्योपुर पुलिस ने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत मीणा और युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा पर हाल ही में किसानों के खाद्य वितरण नहीं होने पर आंदोलन करते हुए जाम लगाया था जिस पर उक्त दोनों नेताओं पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की धाराओं में एफआईआर की गई थी 15 फ़रवरी को शिवरात्रि वाले दिन निकाली गई शिव बारात में विधायक पर बंदूक से हर्ष फायर करने के मामले में बडौदा थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। विधायक इसे बंदूक नहीं बल्कि पटाखा बता रहे हैं।



### जलने से पहले पुलिस ने छीना कांग्रेस से पुतला

उधर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया लेकिन इस प्रदर्शन में जलाने के लिए लाया गया पुतला पुलिस ने जलने से पहले ही छीन लिया इस दौरान फायरबिग्रेड गाड़ी से तेज पानी की बौछार भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर की। इस प्रदर्शन में प्रदेश सचिव योगेश जाट, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान, अंशु शुक्ला, रितेश तोमर, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा, ब्लॉक राम मिलन मीणा, मुकेश सुमन युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष उपेंद्र आर्य, राम बलवान मीना महेश मीणा, रामवीर मीणा आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने किया होली उत्सव मेले का शुभारंभ

# हमारे देश में फूलों से रंग बनाने की प्राचीन परंपरा रही है: कलेक्टर



### मेले में इन समूहों की रही सहभागिता

होली उत्सव मेले में जिंद बाबा स्वसहायता समूह छीताखेडली, श्रीराम स्वसहायता समूह ननावद, मॉ संतोषी स्वसहायता समूह, गणेश स्वसहायता समूह बरगवा, विनेगा स्वसहायता समूह कराहल, ताज स्वसहायता समूह कुंहाजापुर, स्वामी जी स्वसहायता समूह किशोरपुरा, ठाकुर बाबा स्वसहायता समूह फतेहपुर अपने निर्मित उत्पादों के साथ सहभागिता कर रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के श्रीरामतलाई हनुमान जी मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय होली उत्सव मेले का शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल सहित स्वसहायता की दीदीयां मौजूद रही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने होली से पूर्व आम नागरिकों को प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के लिए समूह की दीदीयों के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह से जुडी दीदीयां न केवल आर्थिक रूप से आगे बढने का कार्य कर रही है, बल्कि अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रही है। फूलो से होम मेड हर्बल गुलाल बनाने का कार्य सराहनीय है, यह गुलाल स्वास्थ्य के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक नही होते है। हमारे देश में फूलो से रंग बनाने की प्राचीन परम्परा रही है, वर्तमान परिवेश में रसायन मुक्त प्राकृतिक रंग बनाने की पहल हमारी परम्पराओं और संस्कृति को सहेजने का कार्य कर रही है।

### दो दिन तक चलेगा मेला

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समूहों की दीदीयों द्वारा पलास, गुलाब, गेंदा, बोगनविलिया आदि के फूलों से हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। आम नागरिकों को होली से पूर्व प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के लिए 27 एवं 28 फरवरी को श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में दो दिवसीय आजीविका होली मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला प्रातः 10 बजे से सांय 07 बजे तक संचालित रहेगा।एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह की दीदीयों द्वारा फूलों से तैयार हर्बल गुलाल प्राकृतिक रंग है, जो पूरी तरह ईको फ्रेंडली है, इनके इस्तेमाल से त्वचा को किसी भी प्रकार का नुकसान नही पहुंचता है और न ही श्वास लेने में कठिनाई होती है, स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम यह जैविक रंग पूरी तरह शुद्ध है। वोकल फॉर लोकल को बढावा देने के उद्देश्य के साथ समूहों को बाजार उपलब्ध कराने होली पूर्व दो दिवसीय आजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नागरिकगण रीजनेबल दामों पर हर्बल गुलाल खरीद सकते है। यह रंग पर्यावरण की दृष्टि से पूरी तरह सुरक्षित है तथा गुलाल लगाने के दौरान शरीर पर किसी प्रकार का विपरित प्रभाव नही डालते है। समूह की दीदीयों द्वारा फूलो के माध्यम से विभिन्न प्रकार के रंग तैयार किये गये है, यह हर्बल गुलाल आजीविका मेले में 50 एवं 100 ग्राम के पैक में उपलब्ध है। इसके साथ ही अन्य आजीविका उत्पाद जैसे हार्पिक, हैंडवाश, अगरबत्ती, शहद, जडीबुटियों, टेडीवीयर, होली की पूजन सामग्री तथा गौकाष्ट से निर्मित दिये के भी विक्रय स्टॉल लगाये गये है।

### 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा उडनदस्ता, तीन पालियों में बनाए अलग अलग दल

# अवैध उत्खन्न, परिवहन और भंडारण पर होगी कार्रवाई, उड़नदस्ता गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में अवैध उत्खन्न, परिवहन तथा भण्डारण पर रोक लगाने तथा त्वरित कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा एक उडनदस्ता दल का गठन किया गया है। यह उडनदस्ता 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा। इस उडनदस्ता दल का प्रभारी जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गगेले को बनाया गया है। बताया जा रहा है कि यह उडनदस्ता दल जिले के संवेदनशील नदी क्षेत्रों एवं चिन्हित अवैध उत्खन्न स्थलों पर नियमित रूप से आकस्मिक छापामार कार्यवाही करेगा और अवैध उत्खन्न में लिप्त वाहनों, मशीनों, जेसीबी, पोकलेन आदि को जब्त करने की कार्यवाही भी करेगा। इतना ही नहीं, इस कार्यवाही में अवरोध उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा मानते हुए एफआईआर दर्ज करायेगे तथा प्रति सप्ताह की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उडनदस्ता दल 24 घंटे कार्यरत रहेगा, इसके लिए तीन पालियों में दलो का गठन किया गया है, प्रातः 06 बजे से दोपहर 03 बजे तक कार्यवाही करने के लिए गठित दल में पटवारी बर्धाबुजुर्ग रामबरन यादव, मठेपुरा गजेन्द्र जाट, बडौदा तहसील पटवारी रघुनंदन जागिड, होमगार्ड सैनिक भूप सिंह शामिल है। इसी प्रकार दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यवाही के लिए गठित दल में पटवारी जैदा ब्रम्हानंद जाट, कुण्ड हवेली आशीष मंगल, नंदापुर राजेन्द्र कुशवाह, होमगार्ड सैनिक बनवारीलाल तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक के समय में कार्यवाही के लिए गठित दल में पटवारी ननावद गोविद जाट, धीरोली विनोद जालोन, नगदी लक्ष्मण शर्मा, होमगार्ड सैनिक रंजित सिंह को शामिल किया गया है। इसके अलावा पटवारी शिवशंकर दाधीच एवं होमगार्ड सैनिक वासुदेव को रिर्जव में रखा गया है।



### प्रशासन की कार्रवाई में भंडारित कर रखी 200 ट्रॉली रेत नष्ट की गई

खनिज, वन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए बगदीया में 200 ट्रॉली (करीब 600 घन मीटर) रेत के अवैध भण्डारण को नष्ट करने की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर कडी कार्यवाही के निर्देशो के क्रम में आज पुलिस,वन एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ग्राम बगदीया में 200 ट्रॉली रेत के अवैध भण्डारण को जब्त करने तथा अवैध रेत के विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। रेत को जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर विनिष्टिकरण करते हुए नष्ट किया गया है।

### समस्या समाधान कराने के लिए भारतीय किसान संघ और नगर मंडल अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा

# गेहूं पंजीयन में फार्मर रजिस्ट्री की तकनीकी बाधा के कारण परेशान हो रहे किसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए इन दिनों ऑनलाइन पंजीयन किए जाने का कार्य चल रहा है। पंजीयन कार्य में फार्मर रजिस्ट्री की तकनीकी बाधा के चलते किसानों के पंजीयन नहीं हो पा रहे है। जिसके चलते जिलेभर के किसान परेशान बने हुए है। यह बात भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को इस संबंध में ज्ञापन सौपते हुए बताई और किसानों को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री संबंधी तकनीकी बाधा को जल्द दूर करवाए जाने का अनुरोध किया। उधर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने भी किसानों की यह परेशानी डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को पत्र सौंपकर अवगत कराई।

भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शासन के द्वारा लागू फार्मर रजिस्ट्री एवं तहसीलदार अप्रूवल की अनिवार्य शर्त ने वर्तमान में एक प्रशासनिक गतिरोध उत्पन्न कर दिया है।जिसकारण अन्नदाता किसान परेशान बना हुआ है। भारतीय किसान संघ ने जिला प्रशासन से इस समस्या का समाधान जल्द करवाए जाने का अनुरोध किया है,ताकि किसान समय रहते बिना परेशानी के अपना गेंहू पंजीयन करवा सकें। ज्ञापन सौपने के दौरान हरिशंकर पालीवाल, नंदलाल पालीवाल सहित अन्य कई किसान संघ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### समस्या का जल्द किया जाए समाधान:मंगल

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल भी किसानों की इस परेशानी को लेकर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन से मिले और उन्हें पत्र सौपते हुए अवगत कराया कि वाकई इस समस्या के कारण क्षेत्र के किसान गेंहू का पंजीयन कराने को लेकर परेशान बने हुए है। इसलिए इस समस्या का समाधान जल्द करवाया जाए। इस दौरान भाजपा नेता धरमू गौतम भी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव पहुंची श्योपुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कांग्रेस में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार की देर शाम श्योपुर पहुंची राष्ट्रीय सचिव संजना ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली और समस्या सुनी।

श्योपुर की समन्वय समिति की महत्वपूर्व बैठक के किये अखिल भारतीय काग्रेस की सचिव एक सम्भाग प्रभारी प्रभसंजना जाटव सांसद भरतपुर (राज) श्योपुर पहुंची पाली रोड स्थित एक होटल में बैठक ली उन्होंने पार्टी के विचारों को मजबुती आगे बढ़ाने पर जोर दिया एवं संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त कैसे बनाया जा सकता हे जैसे विषयों पर मंथन किया गया। इस दौरान रामलखन हिरनीखेड़ा , अतुल चौहान, संजीव कुशवाह, दौलतराम गुप्ता, अशोक गोयल रिना आषिष मीणा, भीमसेन शर्मा रितेश लेकर अशु शुक्ला, रामअवतार जोशी, राम भरत मीणा आदि मौजूद रहे।

# रमजान के दूसरे जुमे पर उमड़ी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में भी नमाजियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई हैं। शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमा पर नमाजियों की भारी भीड़ मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंची। अधिक भीड़ के आने से मस्जिद कमेटियों को मस्जिद के बाहर व छतों पर नमाज अदा करानी पड़ी।

वैसे तो मुसलमान रोजाना 5 वक्त की नमाज अदा करते हैं। इस नमाज में बस्ती के लोग पांच बार मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। जुमे की नमाज सप्ताह में बार ओर खास मस्जिदों में ही आयोजित की जाती है। इसलिए इस नमाज में अधिक लोग एकत्रित होते हैं। जामा मस्जिदों में आयोजित होने वाली जुमे की नमाज में वह लोग भी नमाज अदा करने पहुंचते हैं जो रोजाना नमाज नहीं पढ़ते हैं। रमजान माह में तो यह संख्या लगभग दोगुनी हो जाती हैं। मस्जिदों में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से कई मस्जिदों में टेंट लगाने की जरुरत पड़ी। कई मस्जिदों की छत पर टेंट लगाकर नमाज अदा कराई। वक्फ कमेटी जमातखाना ने जगह कम पड़ने पर मस्जिद के बाहर टेंट लगाकर नमाज पढ़वाई। इस दौरान कमेटी जमातखाना के भीतर पार्किंग की व्यवस्था भी की ताकि नमाजियों को अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़ी न करना पड़े।

### कमिशनर ने कूनों पार्क में पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा, कलेक्टर-एसपी भी मौजूद रहे

# चीतों का कुनबा बढ़ेगा, बोत्सवाना से आ रहे आठ चीते आज पहुंचेंगे कूनो नेशनल पार्क में

हरिभूमि न्यूज:श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीकी महाद्वीप से चीतों का तीसरा बड़ा जत्था भारत आ रहा है। बोत्सवाना से 8 चीते शनिवार 28 फरवरी को कूनो पहुंचेगे, चीतो के भारत में आगमन की यह तीसरी खेप होगी। कूनों में 8 चीतों की आगवानी के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। चीता प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ था, इसके उपरांत 18 फरवरी 2024 को साउथ अफ्रीका से 12 चीते कूनो नेशनल पार्क पहुंचे थे।

कमिश्नर चंबल संभाग सुरेश कुमार द्वारा शुक्रवार को कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाये जा रहे चीतो की शिफ्टिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, डीएफओ आर थिरूकुराल, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त सुरेश कुमार ने कूनो नेशनल पार्क पहुंचकर चीतो के लिए बनाये गये बाडे तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लेते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा से चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने चीतों को लेकर आने वाले हैलीकॉप्टर की लैडिंग के लिए बनाये गये हैलीपेड का अवलोकन भी किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। चीता प्रोजेक्ट डायरेक्टर उत्तम शर्मा ने बताया कि बोत्सवाना से छह मादा और दो नर चीतों का बैच शुक्रवार रात 9 बजे से 10 बजे के बीच इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) के एयरक्राफ्ट से ग्वालियर के लिए उड़ान भरेगा। शनिवार की सुबह ग्वालियर से इन चीतो को दो आईएएफ हेलीकॉप्टर कुनो नेशनल पार्क ले जाएंगे, जहां उनके शनिवार सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बोत्सवाना से ग्वालियर तक की उड़ान का समय लगभग नौ से 10 घंटे होगा। यह अफ्रीका से आने वाला चीतों का तीसरा बैच होगा, इससे पहले नामीबिया और साउथ अफ्रीका से चीते लाए गए थे।



### आबादी को 50 तक बढ़ाना लक्ष्य

प्रोजेक्ट डायरेक्टर उत्तम शर्मा ने बताया कि इससे पहले, सितंबर 2022 में एक प्राइवेट जेट से 8 चीतों को नामीबिया से ग्वालियर लाया गया था, जिसके बादआईएएफ के हेलीकॉप्टरों ने उन्हें पार्क पहुंचाया था. और चीतों के आने से भारत का चीता रिवाइवल प्रोग्राम और मजबूत होगा. केंद्र सरकार के सपोर्ट से, हमारा मकसद जल्द से जल्द आबादी को 50 तक बढ़ाना है।

### बोत्सवाना से 8 चीते आने के बाद कूनो में हो जाएंगे 44 चीते

बोत्सवाना से 8 चीते आने के बाद भारत में चीतों की कुल संख्या 47 हो जायेगी, जिनमें 44 कूनो नेशनल पार्क में और 3 गांधी सागर अभ्यारण में है। यहां बता दें कि वर्तमान में भारत में कुल चीतों की संख्या 39 है। इनमें 36 कूनो नेशनल पार्क में तथा 3 गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद है। 17 सितंबर 2022 को लाए गए 8 नामीबियाई चीतों में से 3 स्थापित हैं तथा उनके 17 भारतीय जन्मे शावकों सहित कुल नामीबियाई मूल की स्थापित आबादी 20 हो गई है। 18 फरवरी 2023 को लाए गए 12 दक्षिण अफ्रीकी चीतों में से 8 स्थापित हैं तथा उनके 11 भारतीय जन्मे शावकों सहित कुल दक्षिण अफ्रीकी मूल की स्थापित आबादी 19 हो गई है। इनमें से 16 कूनो में एवं 3 गांधी सागर में हैं।

### उत्कृष्ट शिक्षा के साथ ही बच्चों को कम्प्युटर फ्रेंडली बनाएं:शाह




श्योपुर ।भारत सरकार पर्यावरण विभाग नई दिल्ली के संयुक्त सचिव एवं पीएमश्री स्कूलों के लिए जिले के नोडल नीलेश कुमार शाह ने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उन्हें कम्प्युटर फ्रेंडली बनाया जायें। व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत कौशल उन्नयन किया जायें और बेहतर तरीके से आगे बढने के लिए काउंसलिंग की जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पीएमश्री स्कूलों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल दीपक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक संचालक यश जैन, बीईओ श्योपुर मधु शर्मा, कराहल प्रदीप श्रीवास्तव सहित पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक से पूर्व संयुक्त सचिव पर्यावरण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली नीलेश कुमार शाह द्वारा शासकीय पीएमश्री हाईस्कूल गोहेडा का भ्रमण भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग महेंद्र सिंह को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम बारमहू निवासी दिव्यांग महेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय को अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वह अपने दोनों पैरों से दिव्यांग हूं। जिसके कारण चलने फिरने में परेशानी होती है। साथ ही जीवन खर्च के लिये आर्थिक स्थिति से जूझना पडता है। इस पर कलेक्टर मालवीय ने जनपद पंचायत अशोकनगर के निरीक्षण के दौरान दिव्यांग महेन्द्र सिंह को मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिये गए। साथ ही दिव्यांग की हरसंभव मदद किये जाने हेतु आश्वस्त किया।

### नगर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य विशेष पुलिस अधिकारी घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी के अवसर पर करीला मेला 2026 के लिये नगर/ग्राम रक्षा समिति के 194 सदस्यों को 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक करीला मेला में डयूटी हेतु विशेष पुलिस अधिकारी घोषित किया गया है।

### मार्च में अवकाश दिवसों में पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे

**अशोकनगर।** महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश के आादेशानुसार माह मार्च 2026 में जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह मार्च 2026 में होली का अवकाश छोडकर समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) पंजीयन खुले रहेगें।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोनाई पठारिया निवासी लाल सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी अशोक बागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चार व्यक्तियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवलखों निवासी मिश्रा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलाराम और रामसखी आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर दुबे कॉलोनी से भैंस व पड़िया चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुबे कॉलोनी निवासी अवधेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर उसके घर के नीचे बंधी भैंस एवं पड़यिा को चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से गिरकर दो युवक घायल हो गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम जमाखेडी थाना पिपरई निवासी हल्केराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमसिंह लोधी ने अपनी बाइक एमपी 67 जेडबी 6380 को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मारी, जिससे वह नीचे जा गिरा गिरा जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भांतपुरा निवासी छोटेलाल सांसी के पास से पुलिस ने 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार पुलिस ने शहवाजपुर निवासी गोविंद अहिरवार के पास से 5 लीटर और शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम उमरिया डांग निवासी लालाराम कुशवाह के पास से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अनदेखी से कचरे, पाउच और अन्य सामग्री का केंद्र बने, अधिकारी बेखबर

# कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के कार्यालय के बाहर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर लगाए गमले







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वही यह अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। जिसके कारण पर्यावरण सुरक्षा को नुकसान पहुंच रहा है साथ में कलेक्ट्रेट में इन गमलों को इसलिए लगाया गया था ताकि पूरा भवन पौधों को देखकर बेहतर लगने के साथ सुंदरता में 4 चांद लग सकें और पर्यावरण का संदेश भी दिया जा सके।

स्थानीय कलेक्ट्रेट भवन में सभी कार्यालयों के बाहर कलेक्टर उमा महेश्वरी के कार्यकाल में यह गमले लगाए गए थे। ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरे तल तक यह गमले पूरी गैलरी में लगाए गए थे। इनमें कईं प्रजाति के कीमती पौधे भी लगे हैं, इन्हें हरा भरा रखने की जिम्मेदारी उन अधिकारियों की है जिनके कार्यालय के बाहर यह गमले शोभायमान हो रहे हैं। पूरे भवन के अंदर लगभग डेढ सौ गमले हैं। इनमें कईं गमले और उनमें लगे पेड़ प्रकृति की सुदंरता का




संदेश देते हैं इन पेड़ो को देखकर मन हर्षित हो जाता है। जब कलेक्ट्रेट भवन का भूमि का निरीक्षण किया गया तब देखने में आया कि कईं गमलों में लगे पेड तो सूखकर नष्ट हो गए हैं कईं सूखने की कगार पर हैं। यह मौका तब आता है जब पेड़ों की उपेक्षा कर दी जाए, अगर उन्हें समय पर पानी और देखरेख जैसी व्यवस्था नहीं की जाती तो वह अपना मूल स्वरूप खो देते हैं।

**प्रधानमंत्री के द्वारा चलाया जा रहा है एक पेड़ मां के नाम अभियान** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया गया है। लेकिन किसी को इसकी चिंता नही है। शासकीय योजनाओं को जिनके द्वारा चलाया जाता है, वही इस ओर से पूरी तरह बेखबर हैं। इस संबंध में नागरिकों ने मांग की है कि इस तरह पेड़ों के साथ अन्याय करने वालों के साथ कार्यवाही की जाए तथा पेड़ों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की जाए। इस तरह का कार्य करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया जाए।

### गमलो में लोग थूक रहे हैं पीक और डाल रहे हैं कचरा

लेकिन दुःख, कष्ट और पीड़ा तब होती है जब इन गमलों में लगे पेडों को आज की युवा पीड़ी के लोग उपेक्षित कर उनकी खैर खबर नहीं लेते। कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर पर जब गमलों का निरीक्षण किया गया तो, कईं गमलों को तो आने वाले लोगों के साथ विभाग के ही कर्मचारियों ने पीकदान बना डाला है। इन गमलों में लोग इस्तेमाल किए जाने वाले कचरे को डाल रहे हैं जबकि इन गमलों में लगे पेड़ हरे भरे हैं। इन पेड़ों की उपेक्षा के साथ इस तरह का कचरा और गुटखा की पीक थूकने के कारण लोगों में नाराजगी है। आमजनों का कहना है कि या तो गमले लगाए ही न जाए अगर लगाए जा रहे हैं तो उनकी देख रेख की जाए लेकिन उन्हें कचरे के ढेर में बदलना, पीक थूकना, कचरा डालना प्रकृति के साथ अन्याय है। सरकार और शासन के अधिकारी पूरे वर्ष भर प्रकृति को सरंक्षित करने की दुहाई देते हैं पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यहां आए दिन अधिकारियों के यहां बैठके होती है जिले के प्रभारी मंत्री से लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधि भी शामिल होत हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं हैं। कम से कम प्रधानमंत्री के अभियान का ध्यान तो रखा जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान भी प्रतिदिन एक पेड़ लगा रहे हैं। कईं गमलों को देखने के बाद यह भी नजर आया कि पर्याप्त मात्रा में उन्हें पानी भी नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यह पेड़ सूख रहे हैं।



### ई-दक्ष केंद्र में ई-औषधि पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**अशोकनगर।** संचालनालय आयुष निर्देशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन मे ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में "ई औषधि पोर्टल" का प्रशिक्षण प्रदेश स्तर से तैयार मास्टर ट्रैनर द्वारा दिया गया। इस ट्रेनिंग में आयुष विभाग अशोकनगर अंतर्गत संचालित सभी आयुर्वेद/होम्योपेथिक औषधालयों के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए मास्टर ट्रैनर एवं सहायक ट्रेनर के द्वारा ई-औषधि पोर्टल की ट्रेनिंग दी गई जिससे भविष्य में औषधियों की मांग एवं पूर्ति ऑनलाइन की जा सकेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेन्द्र रघुवंशी द्वारा सभी को निर्देश दिए गए कि आगामी समय मे पोर्टल का उपयोग करके ही औषधियों की मांग प्रदेश स्तर पर भेजें।

### कार दीवार तोड़कर घर के अंदर घुसी, बड़ी दुर्घटना टली

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम कोलुआ में सुबह 6 बजे एक कार घर की दीवाल तोड़कर अंदर घुस गई। जब यह घटना हुई उस समय कुछ बच्चे और अन्य लोग घर के अंदर नमाज पड़ रहे थे। यह अच्छा हुआ कि कोई घटना नहीं हुई, इस घटना में कार आगे से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, कार के नंबरपर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, जिला कोषालय अधिकारी रविंद्र सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

### लीगल राइट्स काउंसिल-इंटरनेशनल का विधानसभा में हुआ मातृशक्ति सम्मेलन

# सामाजिक विकास में महिलाओं का योगदान नींव का पत्थरः अनुश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




विधानसभा क्षेत्र में लीगल लाइट काउंसिल - इंटरनेशनल के तत्वाधान में मैत्री मिलन समारोह महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न क्षेत्र में सेवाएं दे रही समाजसेवी महिलाएं, महिला डॉक्टर्स, पत्रकार एवं सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत मातृशक्ति सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बाल श्रम जैसे अपराधों को रोकने के लिए जागरूकता, सामाजिक विकास में महिलाओं का योगदान, आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं का योगदान, महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधिक रोकथाम एवं सावधानियां विषय पर चर्चा की गई। मैत्री मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लीगल राइट्स काउंसिल - इंटरनेशनल की प्रदेश की अध्यक्ष अनुश्री शैलेंद्र जैन सम्मिलित रहीं। अनुश्री शैलेंद्र जैन ने महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं के योगदान के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा की यह आवश्यक है कि जब आप किसी भी क्षेत्र में जिम्मेदारीयों का पालन करते हैं तो उसको पूर्ण निष्ठा से सफल होने के लिए आपका स्वास्थ्य उत्तम होना भी अत्यंत आवश्यक है, इसके साथ ही उन्होंने मंच के माध्यम से जीवन में अपने संघर्षों को साझा करते हुए बताया कि वह किस तरह इस संस्था से जुड़ी समाज विकास में कार्य किए। उन्होंने महिलाओं से कार्यक्रम के उपरांत चाय पर चर्चा की जिसमें महिलाओं ने अपने जीवन के संघर्षपूर्ण पलों को सांझा करते हुए बताया कि किन संघर्षों के बाद उनके जीवन में ऐसा परिवर्तन आया जिससे वह सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक हुई।

#### कार्यक्रम में वक्ता के रूप में लीगल राइट्स काउंसिल

इंटरनेशनल प्रदेश संयोजक निशा शिंदे, सागर इकाई से मेघा दुबे, कविता लारिया, माधुरी राजपूत, वैशाली सोनी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा ज्योति दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय, पार्षद भारती राय सम्मिलित रही। इस मौके पर प्रीति नायक, संध्या जैन, कृष्णा कुशवाहा, शशि सोनकर, कल्पना चौरसिया, रजनी राय, राजकुमारी राय, ज्योति सराफ, लक्ष्मी सराफ, शांति कुशवाहा, प्रियंका राय, सुनीता राय, आभा जैन आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कविता लारिया एवं आभार भारती राय ने व्यक्त किया।

# कल से डेली चलेगी भोपाल-चोपन साप्ताहिक एक्स, बीना में स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 11633/11634 भोपाल जंक्शन-चोपन-भोपाल जंक्शन के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई थी। जिसका नियमित संचालन प्रत्येक रविवार को 1 मार्च से भोपाल जंक्शन और प्रत्येक सोमवार को 2 मार्च से चोपन स्टेशन से पहली सेवा प्रारंभ हो रही है। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, खन्ना बंजारी, ब्यौहारी, मड़वास ग्राम, सरईग्राम एवं बरगवां स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी।

भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 11633 भोपाल जंक्शन-चोपन के मध्य साप्ताहिक ट्रेन भोपाल जंक्शन स्टेशन से (रविवार) रात 8.55 बजे प्रस्थान कर विदिशा 9.36 बजे, गंजबासौदा 10.05 बजे, बीना रात 11 बजे पहुंचकर अगले दिन सागर मध्यरात्रि 12.08 बजे, दमोह 01.13 बजे, कटनी मुड़वारा 02.30 बजे, खन्ना बंजारी 03.48 बजे, ब्यौहारी 04.48 बजे, मड़वास ग्राम 05.28 बजे, सरईग्राम 06.09 बजे एवं बरगवां 07.08 बजे एवं सोमवार सुबह 10.50 बजे चोपन स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 11634 चोपन-भोपाल जंक्शन के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन (सोमवार) को चोपन स्टेशन से शाम 5.10 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए बरगवां 7.28 बजे, सरईग्राम 8.09 बजे, मड़वास ग्राम 8.48 बजे, ब्यौहारी 9.28 बजे, खन्ना बंजारी 10.28 बजे, कटनी मुड़वारा 11.55 बजे, पहुंचकर मेरे को अगले दिन दमोह रात 01.28 बजे, सागर 02.28 बजे, बीना 04.30 बजे, गंजबासौदा 05.11 बजे, विदिशा 05.40 बजे एवं मंगलवार सुबह 7 बजे भोपाल जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। नई ट्रेन के हाल्ट- विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, खन्ना बंजारी, ब्यौहारी, मड़वास ग्राम, सरईग्राम, बरगवां, सिंगरौली, करैला रोड जंक्शन, मिर्चाधूरी एवं ओबरा डैम।

### दिव्यांग छात्र, छात्राओं को मूल्यांकन शिविर में उपकरण वितरित किए



**अशोकनगर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत विकास खण्ड मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी पर दिव्यांग छात्र छात्राओं को पूर्व में किए गए। सी.डब्ल्यू.एस.एन. के चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में एलिम्को टीम जबलपुर के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयनित किए गए बच्चों को एलिम्को की टीम की उपस्थिति में उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों में ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कैलिपर्स, हेयरिंगएेड, रोलेटर, मानसिक दिव्यांग बच्चों को टी.एल.एम. किट, दृष्टिहीन छात्रों को ब्रेल किट आदि उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर एलिम्को टीम जबलपुर, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, बी.ए.सी-रवि चतुर्वेदी, कमलेश चिढ़ार, विवेक जैन, एम आर सी गोधन सिंह नरवरिया, सह समन्वयक प्रकाश राय, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र रैंकवार सहित कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

### जिले में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ रहे यह सुनिश्चित किया जाए

# कलेक्टर ने पीएचई, जनपद व लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंचकर ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान बताया गया कि विभाग में दो सब डिवीजन संचालित है तथा 4 सब इंजीनियर कार्यरत है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों की तिथिवार पंजी संधारित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही हैण्डपम्पों को आउटसोर्स से सुधारे जाने के संबंध में दैनिक रजिस्टर बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल नलजल योजना के अंतर्गत चार्ट अनुसार जानकारी संकलित किये जाने तथा तथा साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि चालू हैण्डपम्पों का डाटा अपडेट रखा जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की सतत समीक्षा की जाएं।




#### आवेदनों की जानकारी ली

भ्रमण के दौरान उन्होंने तहसील अशोकनगर परिसर में संचालित लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र में आने वाले आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को आवेदन पंजी में इन्द्राज किये जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि आवेदन पंजी का संधारण विधिवत हो। साथ ही प्रतिदिन आने आवेदकों तथा सेवाएं प्रदान किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदक के हस्ताक्षर पंजी में हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मौके पर ही प्राप्त आवेदन का निराकरण प्रक्रिया को भी समझा तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर समय सीमा प्राप्त होने वाले शासकीय सेवाओं के बारे में जानकारी ली।



#### जनपद पंचायत अशोकनगर कार्यालय का निरीक्षण किया

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनपद पंचायत अशोकनगर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जो नलजल योजनाएं पूर्ण हो गई है,उन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों को हेण्डओवर किये जाने की कार्रवाई की जाए। जिससे ग्रीष्मऋतु में पेयजल की उपलब्धता ग्रामीणों को आसानी से हो सके। उन्होंने पंचायतवार पेयजल की उपलब्धता हेतु हेण्डपम्प,सार्वजनिक कूप, निजी स्त्रोत तथा नलजल योजना की एक्सल शीट तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नल जल योजना के अंतर्गत एक्सल शीट तैयार की जाए। जिसमें दिनांक वार मोटर चालू का करने का समय,घरों में पेयजल सप्लाई की स्थिति,संचालनकर्ता का नाम संधारित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में सीईओ जनपद पंचायत से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्द्रु यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव, प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र बी.एम.जकेले एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।